तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 25 सितंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 स्वस्थ नारी स्वस्थ परिवार अभियानः वृद्धा आश्रम में बने आयुष्मान...





12 जो समाज अपने पितरों को भूल जाता है, समय ...




## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।

पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

**विरोध : कहा- जबरन दबाव बनाया तो जाऊंगा उच्च न्यायालय**


# शिक्षा विभाग के अटेंडेंस एप का विरोध प्रधानपाठक ने डीईओ को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शिक्षा विभाग द्वारा वीएसके एप यानी विद्या समीक्षा केंद्र लागू कर अटेंडेंस लिए जाने पर शिक्षक विरोध पर उतर आए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी इस योजना को सख्त तौर पर स्कूलों में लागू किए जाने संस्था प्रमुखों को आदेश दिए, पर जिला शिक्षा अधिकारी को एक प्रधानपाठक ने तीन पन्नों का पत्र लिख कर चेतावनी दे डाली, कि अगर उसे दबाव पूर्वक एप को लागू करने कहा जाएगा तो वे हाईकोट जाएंगे। प्रधानपाठक के इस पत्र के बाद शिक्षक वेलफेयर सोसाइटी संगठन ने भी जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा हैं।

गौरतलब हो कि प्राथमिक शाला ग्राम केछवाई के प्रधानपाठक कमलेश सिंह बिसेन ने जिला शिक्षा अधिकारी को एक चेतावनी भरे पत्र में छत्तीसगढ़ विद्या समीक्षा केंद्र मोबाइल ऐप के उपयोग पर ऐतराज व्यक्त करते हुए पत्र में उन्होंने निजता का उल्लंघन, साइबर फ्रॉड के खतरे और निजी मोबाइल के दुरुपयोग का मुद्दा उठाते हुए विभाग से जवाब मांगा है।

कमलेश सिंह ने पत्र में लिखा कि वि. एस. के .ऐप के जरिए शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति दर्ज करने का आदेश दिया गया है, लेकिन यह ऐप उनके निजी मोबाइल में डाउनलोड करना होगा, जिसमें उनकी निजी जानकारी, बैंक डिटेल्स, फोटो और वीडियो जैसी गोपनीय सामग्री सुरक्षित रहती है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि इस ऐप के कारण साइबर फ्रॉड या निजता का उल्लंघन होता है, तो इसके लिए जिम्मेदार कौन होगा? उन्होंने यह भी तर्क दिया कि उनका मोबाइल निजी संपत्ति है, जिसे उन्होंने अपने खर्चे से खरीदा और रिचार्ज कराया है। शासकीय कार्यों के लिए निजी मोबाइल के उपयोग को उन्होंने अनुचित बताते हुए पूछा कि सेवा नियमावली में इसका उल्लेख कहां है? इसके अलावा, उनके मोबाइल में पहले से ही पीएम पोषण, निष्ठा, उससे







UDSSE, दीक्षा जैसे कई शासकीय ऐप्स डाउनलोड हैं, जिससे अतिरिक्त बोझ बढ़ रहा है। पत्र में कमलेश सिंह ने स्पष्ट किया कि यदि उनकी आपत्तियों का समाधान नहीं किया गया, तो वे ऐप का उपयोग करने में असमर्थ रहेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि दबाव बनाए जाने पर वे उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी विभाग की होगी।

उल्लेखनीय है कि शिक्षा विभाग ने प्रदेशभर में पायलट प्रोजेक्ट के माध्यम से स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने प्रत्येक संभाग से एक जिले का चयन किया है। इस तरह प्रदेश में पांच जिले लिए गए, जिनमें दुर्ग संभाग से बेमेतरा जिला को चयनित किया गया है। शिक्षा विभाग के आदेश उपरांत जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने शिक्षकों की पंजीयन की प्रक्रिया की शुरुआत कर दी। वीएसके एप यानी विद्या समीक्षा केंद्र के माध्यम से अटेंडेंस की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश का विरोध शिक्षक व संगठन ने करना शुरू कर दिया है, लेकिन ऐप से अटेंडेंस लेने की इस योजना का पालकों ने शिक्षा मंत्री के इस पहल को सराहनीय कदम बताते हुए स्वागत कर रहे हैं।

### जब सभी ऐप से काम तो वीएसके पर विवाद क्यों..

विभाग द्वारा शिक्षकों से अब तक कई तरह के एप के माध्यम से काम लिया जा रहा है और शिक्षक काम भी कर रहे हैं, किंतु जब स्कूलों में समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने वाला एप की बात आ रही है तो इसमें विरोध के स्वर उठने लगे हैं जिससे इस बात का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है कि आखिर समय पर उपस्थिति वाले ऐप के उपयोग पर विरोध क्यों किया जा रहा है। वहीं इस योजना का पालकों ने स्वागत किया और कहा शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति से बच्चों का पढ़ाई लेवल उठेगा।

### किसी प्रकार से परेशानी शिक्षकों को नहीं होनी चाहिए : डीईओ

इस संबंध में जब जिला शिक्षा अधिकारी चतुर्वेदी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उनके द्वारा शासन के दिए गए निर्दोषों के तहत संस्था प्रमुखों से पंजीयन करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रधानपाठक आपत्ती जताये जाने वाले पत्र पर कहा सवाल शासकीय संपत्ति और निजी संपत्ति की बात नहीं है, अब तक कई तरह के एप का उपयोग शिक्षकों द्वारा किया जा रहा है, इसमें भी किसी तरह की कोई परेशानी शिक्षकों को नहीं होनी चाहिए।

# तेज रफ्तार बाइक खड़े ट्रक से टकराई, चालक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दुर्ग-बेमेतरा स्टेट हाईवे पर देवकर-राखी के बीच सुबह एक बड़ा दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इसमे सड़क पर तेज रफ्तार से दौड़ रहे दोपहिया वाहन रोड किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। इस भिड़ंत से बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई।

- ससुराल से लौट रहा था युवक
- ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज

तड़के 5 बजे की सड़क दुर्घटना होना बताया जा रहा है।

यह सड़क दुर्घटना देवकर पुलिस चौकी क्षेत्र में होने पर आमजनों की सूचना पर तत्काल चौकी पुलिस घटना स्थल पहुंची, जहां पुलिस स्टॉफ द्वारा मृतक नवयुवक की पहचान साजा थाना के ग्राम जाता निवासी धीरज नवरंगे 25 वर्ष पिता फुलदास नवरंगे के रूप में की।

घटना के वक्त युवक ससुराल से अपना गांव कोदवा जा रहा था। इसी बीच सुबह-सुबह तेज रफ्तार से वाहन चलाने के कारण वह ट्रक के



साथ जा टकराया और युवक घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस मामले में देवकर चौकी पुलिस प्रभारी उदल तांडेकर का कहना है कि पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है।

वहीं घटना स्थल से बाइक व ट्रक की बरामदगी कर ट्रक चालक के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच-विवेचना शुरू कर दी गयी है। वहीं मृतक के शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। बताया जा रहा है जिस जगह यह हादसा हुआ है, वहां आए दिन सड़क दुर्घटना होती रहती है जिससे एक्सीडेंट प्वाइंट बन चुका है। वही इस मार्ग पर भारी वाहन सड़कों पर लापरवाही पूर्वक खड़े रहती है।

## खबर संक्षेप

### आपदा प्रबंधन से निपटने जिले में मॉक एक्सरसाइज आज

**बेमेतरा।** जिला प्रशासन 24 सितम्बर को मॉक एक्सरसाइज आयोजित की जा रही है। इस अभ्यास का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में प्रशासन, सुरक्षा बल, स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय निकाय तेजी और समन्वय के साथ कार्य कर सकें। मॉक एक्सरसाइज दो प्रमुख परिदृश्यों पर आधारित रहेगा। इमारत ढहने की स्थिति पर अभ्यास यह अभ्यास जिला चिकित्सालय बेमेतरा में सुबह 9 बजे किया जाएगा। इस दौरान बचाव दल, एंबुलेंस सेवा, डॉक्टर, नर्स और पुलिस मिलकर घायलों की खोज, प्राथमिक उपचार और सुरक्षित स्थान पर ले जाने की कार्यवाही करेंगे। दूसरा अभ्यास ग्राम टेमरी पुल के पास शिवनाथ नदी क्षेत्र में सुबह 11 बजे से होगा। इसमें एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, होमगार्ड और जिला प्रशासन की टीम बाढ़ में फंसे लोगों के ▶▶| शेष पेज 13 पर

**सुविधाओं के अभाव में मरीज निजी अस्पतालों में इलाज कराने मजबूर**

# स्वास्थ्य केंद्र में दवाओं और जांच उपकरणों की कमी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर

साजा विकासखंड अंतर्गत नगर पंचायत देवकर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) इन दिनों आवश्यक दवाओं की सीमित उपलब्धता और महत्वपूर्ण चिकित्सकीय जांच उपकरणों की कमी के कारण स्थानीय मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए अस्पताल पहुंचने वाले लोगों को निराशा हाथ लग रही है।

जानकारी के अनुसार, देवकर सीएचसी में फिलहाल शुगर स्ट्रिप, ब्लड टेस्ट स्लाइड्स, यूरोस्ट्रिक, सिकलिंग बॉक्स जैसे जरूरी जांच उपकरणों और पैरासिटामोल जैसी सामान्य टैबलेट्स की भारी कमी बताई जा रही है। मेडिकल सामानों और दवाइयों की यह किल्लत अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा रही है। पर्याप्त स्वास्थ्य सामग्री के अभाव में मरीजों को मजबूरन इलाज के लिए निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है, जो उनके लिए महंगा साबित हो रहा है। आम जनता का कहना है कि नगर का यह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केवल नाममात्र का स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करा रहा है और मरीजों को यह एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्तर का अस्पताल लग रहा है।

स्थानीय निवासियों ने उच्च अधिकारियों से जल्द से जल्द देवकर सीएचसी में दवाओं और सभी जरूरी जांच उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने मांग की है, ताकि मरीजों को होने वाली असुविधा को दूर किया जा सके। अस्पताल प्रबंधन की माने तो दवाई व जरूरी सामानों की सप्लाई की जवाबदेही सीजीएमएससी की होती है जो कवर्धा मेडिकल वेयरहाउस से डिमांड के आधार पर बेमेतरा जिलेभर में दवाएं भेजी होती है। फिलहाल सीजीएमएससी द्वारा विभिन्न जरूरी दवाओं की निरंतर कमी व किल्लत बताई जा रही है जिससे स्थानीय हेल्थ सर्विस प्रभावित हो रही है।

**समस्याओं का त्वरित समाधान, गंभीर मामलों को संबंधित अधिकारियों को सौंपा**

# अपर कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी ने कलेक्टर की अनुपस्थिति पर मंगलवार कलेक्टरेट के दृष्टि सभा कक्ष मे जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें सुना ओर समस्याओं का निराकरण किया।

जन चौपाल में अपर कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। आज जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 26 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया।



वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दी।

इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से तहसील साजा के ग्राम सोमईखुर्द रोहितलाल साहू ने क्षतिपूर्ति की राशि वापिस किये जाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेमेतरा के ग्राम तूमा (झिरिया) निवासी प्रेमकुमार साहू ने ग्राम तूमा में ट्रांसफार्मर जल गया है उसे जल्द से जल्द बदलवाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेमेतरा के ग्राम छीतापार निवासी दीनानाथ रजक ने जन्म प्रमाण पत्र नही मिलने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेमेतरा के ग्राम झाल निवासी गोपाल यादव ने किसान पंजीयन (एग्रीस्टेक पोर्टल) में पंजीयन कराने में समस्या के संबंध में आवेदन दिया, तहसील नांदघाट के ग्राम इटई निवासी कुमारी बाई ने अपनी जमीन को अपने देवर के द्वारा हड़पने एवं जमीन विक्रय करने के संबंध में आवेदन दिया इसी प्रकार तहसील बेमेतरा के ग्राम भनसुली निवासी इन्द्राणी साहू ने अपने पुत्र जितेन्द्र साहू की नदी मे डूबने से मृत्यु हो जाने पर आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के संबंध में आवेदन दिया।

इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल हेतु, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धापेंशन हेतु, दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। इस अवसर पर विभिन्न विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।




# राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगता में एक हजार खिलाड़ी दिखाएंगे प्रतिभा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

25 वी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आगाज 25 सितंबर से भिलाई विद्यालय में होने जा रहा है। दुर्ग को मेजबानी मिलने के बाद इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। इस खेल प्रतियोगिता में जूडो, नेटबॉल, लान टेनिस सहित छह खेलों में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। पूरे राज्यभर से 1100 खिलाड़ी और अधिकारी शिरकत करेंगे। जिला प्रशासन व स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित यह प्रतियोगता भिलाई विद्यालय में 25 से 28 सितंबर चलेगी।

## जूडो, नेटबॉल, लान टेनिस सहित छह खेलों का आगाज आज भिलाई में

### ये खेल होंगे प्रतियोगता में

जुडो बालक/बालिका 14,17 व 19 वर्ष, नेटबॉल बालक/बालिका 17 वर्ष,लॉन टेनिस बालक/बालिका 14,17 व 19 वर्ष, फेसिंग बालक/बालिका 19 वर्ष, टेबल टेनिस बालक/बालिका 14,17 व 19 वर्ष और सायकल ट्रेक बालक/ बालिका 14,17 व 19 वर्ष के कुल 935 खिलाड़ी और लगभग 150 ऑफिशियल्स भाग लेगें।





### पांच संभाग के खिलाड़ी होंगे शामिल

छत्तीसगढ राज्य के कुल पांच संभाग रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा, बस्तर और दुर्ग के खिलाड़ी उपरोक्त खेलो मे अपना जौहर दिखाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता मे शामिल होने प्रयास करेंगे। प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले संभागीय दलों को खेल मैदान के समीप के निजी विद्यालयो मे आवास व्यवस्था प्रदान की गई है।

### ये खेल इस मैदान में आयोजित होंगे

लॉन टेनिस खेल लॉन टेनिस मैदान सेक्टर 5 भिलाई, फेसिंग खेल इस्पात क्लब सेक्टर 1 भिलाई, जुडो खेल भिलाई विद्यालय सेक्टर 2,नेटबॉल भिलाई विद्यालय सेक्टर 2,ट्रेक साइक्लिंग खेल जयंती स्टेडियम भिलाई और टेबल टेनिस खेल शंकरा विद्यालय सेक्टर 10 मे आयोजित की जावेगी। आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है।

### उद्घाटन करेंगे सांसद बघेल

प्रतियोगिता का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग अरविन्द मिश्रा के निर्देशन में हो रही है। उद्घाटन समारोह 25 सितंबर को दोपहर 12 बजे विजय बघेल सांसद लोकसभा दुर्ग के मुख्य आतिथ्य मे तथा समापन समारोह और पुरस्कार वितरण समारोह 28 सितंबर को दोपहर 12 बजे गजेन्द्र यादव स्कूल शिक्षा मंत्री,ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री कि मुख्य आतिथ्य में होगी।

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य परीक्षण शिविर संपन्न

**भिलाई।** दुर्ग-भिलाई महिला समिति, वनवासी विकास समिति के तत्वावधान में शासकीय आदिम जाति, जनजाति एवं ओबीसी कन्या छात्रावास, दुर्ग में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिला आयुष विभाग की चिकित्सक डॉ. तृप्ति द्विवेदी ने स्वस्थ नारी – सशक्त परिवार विषय पर मार्गदर्शन दिया। डॉ. कल्पना ठाकुर ने योगाभ्यास कराया तथा डॉ. एकता सहित चिकित्सकों ने छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में कुल 162 छात्राओं की जांच एवं औषधि वितरण किया गया, जबकि लगभग 250 छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन अनीता सिंह ने व आभार प्रदर्शन मंजरी देशपांडे ने किया। कार्यक्रम में नीलिमा चावरे, नीलिमा सगदेव, अर्चना चावरे, मंजरी देशपांडे, अनिता सिंह, मोहिनी टोले, सुरेखा डोंनगावकर, वासंती नरडे, अमृता देशपांडे, सारिका चावरे उपस्थित रहीं। अंत में पौधारोपण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

### परिवार ने लिया अंगदान देहदान का संकल्प

**भिलाई।** अंगदान–देहदान संकल्प अभियान के पावन क्रम में मैत्री कुंज के शर्मा परिवार ने सेवा और त्याग की अद्वितीय मिसाल कायम कर मरणोपरांत सम्पूर्ण देहदान का संकल्प लिया। इस महादानी संकल्प में सम्मिलित माता विमला शर्मा, पुत्र राजीव शर्मा, बहू शारदा शर्मा. विजय शर्मा , राकेश शर्मा इन सभी ने एकसाथ जीवन के परे मानवता की ज्योति जलाने का महान व्रत लिया। इसी श्रृंखला में रेलवे विभाग में कार्यरत पूर्वेश देवांगन ने भी मृत्यु उपरांत पूर्ण देहदान का निश्चय कर समाज में चेतना व आशा का नया दीप प्रज्वलित किया। सभी संकल्पकर्ताओं ने अपनी प्रतिज्ञा पत्र संस्था के अध्यक्ष शसुरेश खांडवे को सौंपा।

### लालमैदान में डोमशेड का वैशालीनगर विधायक ने किया उद्घाटन

भिलाई। नवरात्र पर लाल मैदान पावर हाउस में डोमशेड का लोकार्पण हुआ। विधायक रिकेश सेन ने इसका उद्घाटन किया। सुभाष नवयुवक जागृति समिति के प्रयासों से विभिन्न धार्मिक, शासकीय, प्रशासकीय व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए किया गया है। नवरात्र उत्सव के मातारानी के भव्य डोमशेड और लालमैदान के सौंदर्यीकरण का होगा कार्य। समिति सदस्यों ने कहा कि विधायक रिकेश सेन ने जो वादा किया था उसे पूरा किया।

### ओजोन परत का संरक्षण जरूरी

**दुर्ग।** साइंस कालेज के रसायन शास्त्र विभाग में एम.एस.सी के विद्यार्थियों द्वारा 18 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय ओजोन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने ओजोन परत संरक्षण के लिए भारतीय संस्कृति एवं परंपरा को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रकृति-पूजा अर्थात विभिन्न त्यौहारों पर पेड़ पौधों की पूजा करना एवं उन्हें महत्व देना।

## सड़क सुरक्षा, समयपालन और लंबित प्रकरणों के निराकरण पर कलेक्टर ने दिए कड़े निर्देश

# एग्री स्टैक पोर्टल में शत-प्रतिशत किसान पंजीयन सुनिश्चित करें : कलेक्टर शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिला कार्यालय स्थित दिशा सभा कक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की और कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। कलेक्टर शर्मा ने स्पष्ट किया कि प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, समयपालन और जनहित सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी गंभीरता से निभाएं, अन्यथा लापरवाही बरतने वालों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। कलेक्टर ने कृषि एवं राजस्व अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि धान उपार्जन प्रक्रिया पारदर्शी और सुचारु ढंग से होनी चाहिए। इसके लिए यह सुनिश्चित किया जाए कि जिले का कोई भी किसान एग्री स्टैक पोर्टल में पंजीयन से वंचित न रहे। उन्होंने चेतावनी दी कि पंजीयन कार्य में लापरवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। सड़क दुर्घटनाओं को गंभीर समस्या मानते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सड़कों पर घुमंतू पशुओं के विचरण पर पूर्णतः रोक लगाई जाए। इसके लिए विशेष अभियान चलाकर घुमंतू पशुओं की धर-पकड़ की जाए तथा पशु मालिकों को अपने पशुओं को घर में ही रखने के लिए समझाइश दी जाए। कलेक्टर शर्मा ने सड़क सुरक्षा को लेकर विभागीय अधिकारियों को जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट और चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का अनिवार्य पालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं से असमय जान-माल की क्षति होती है, इसलिए यातायात नियमों का पालन कराने के लिए प्रशासनिक प्रयासों के साथ नागरिकों की सहभागिता भी जरूरी है। बैठक में कलेक्टर ने साफ कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी समय पर कार्यालय में उपस्थित हों। उन्होंने 10:00 बजे की समय सीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा और चेतावनी दी कि अनुपस्थित रहने या देर से आने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि सभी प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता के कार्यों में देरी प्रशासन की साख को प्रभावित करती है, इसलिए अधिकारी सक्रियता से कार्य करें।

- सड़कों पर घुमंतू पशुओं के विचरण पर लगेगी रोक, वय वंदन योजना से सभी वरिष्ठ नागरिक होंगे लाभांवित

### आगामी 2 अक्टूबर को ग्राम सभाओं में होंगे विशेष कार्यक्रम

कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिया कि आगामी 2 अक्टूबर को आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएं। इनमें महिलाओं में एनीमिया रोकथाम, नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा, टीकाकरण तथा स्वच्छता संबंधी कार्यक्रमों को शामिल कर शपथ ग्रहण भी कराया जाए। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों से आमजन में जागरूकता बढ़ेगी और समाज में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।

# पदयात्रियों के लिए सेवा पंडाल की स्थापना

## अग्रवाल सेवा मंडल पिछले कई वर्षों से कर रहा सेवाकार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शारदीय नवरात्रि में भी अग्रवाल सेवा मंडल द्वारा राजनांदगांव रोड पर शिवनाथ नदी के बाद अपने पुराने स्थान पर डोंगरगढ़ जाने वाले पैदल यात्रियों के लिए सेवा पंडाल का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह सेवा का तेरहवा नवरात्रि पर्व है। पुष्पा देवी रुंगटा द्वारा पूजा अर्चना कर विधिवत पंडाल का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब मिडटाउन के सचिव नवीन जैन, अरविंद खंडेलवाल, पहलाद रुंगटा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। इस सेवा पंडाल में मां बमलेश्वरी देवी के दर्शन हेतु डोंगरगढ़ जाने वाले जाने वाले पद यात्रियों के लिए जलपान, भोजन, फलहार, विश्राम, दवाई आदि की निशुल्क व्यवस्था की गई है। पंडाल के प्रारंभ होते से ही पद यात्रियों का हुक्म उमर पड़ा है। इस सेवा में घनश्याम अग्रवाल, नत्थू लाल अग्रवाल, राधेश्याम कृतिका, राधेश्याम सेक्सरिया, हरविंदर भाटिया, सुधीर खंडेलवाल, संजय रुंगटा, साकेत रुंगटा, रितेश अग्रवाल, अमर अग्रवाल, संदीप खेमुका, अनिल गुप्ता, मनीष रुंगटा, अनूप अग्रवाल, दीपक बंसल, रितेश अग्रवाल, विनीत खेतान,

- विश्राम, फलाहार और दवाओं की सुविधा

### चंद्रनगर और लोकनगर सड़कें ऐसी कि आधा किलोमीटर में 100 से ज्यादा गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ये तस्वीर दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के चंद्रनगर कालोनी उमरपोटी की है। यह मार्ग लोकनगर, वेदांत नगर, कबीरनगर , न्यू नेहरूनगर , मरोदा सहित दर्जनभर संलग्न कालोनियों के आवागमन का प्रमुख मार्ग है। सालों पहले इस मार्ग का सीमेंटीकरण हुआ था। वर्तमान में यह हाल है कि आधा किलोमीटर की सड़क पर 100 से ज्यादा गड्ढे.हैं। पूरी सीमेंटीकरण उखड़ चुका है। दुपहिया वाहनों के कलपुर्जे तक खराब हो रहे हैं। मार्ग से आना-जाना इतना दुष्कर हो गया है कि लोगों को शारीरिक समस्याएं होने लगी है। रहवासियों ने बताया कि चंद्रनगर से मरोदा पहुंच मार्ग भी 35 साल से नहीं बनाया जा सका है। चंद्रनगर से मरोदा के बीच का यह पेंच बीएसपी क्षेत्र में आता है। इसलिए सांसदों से लगातार मांग की गई। इतने सालों में जितने भी सांसद बने उन्होने केवल आश्वासन ही दिया। यह मार्ग कच्ची है और बारिश के बाद चलने लायक नहीं रह जाता। लोग पैसे एकत्र कर गड्ढे पर मुरम डलवाते हैं।

### आश्रम में मनाया गया 61 वां आत्म साक्षात्कार

**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में संत आसाराम बापू आश्रम बेलौदी दुर्ग में संत श्री बापू का 61 वा आत्मसाक्षात्कार दिवस 23 सितंबर को गया। कार्यक्रम के तहत सुबह 10 बजे हरिओमगुंजन, 11 बजे सामूहिक माला पूजन, 12 पादुका पूजन, 12:30 बजे सत्संग कार्यक्रम, 1:30 बजे दीप प्रज्ज्वलन कर 61 वा आत्मसाक्षात्कार दिवस मनाई गई।

## शिक्षा के बाद प्लेसमेंट का विशेष महत्व भविष्य और करियर के मार्ग खोलता है

**भिलाई।** भिलाई महिला महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल, वाणिज्य विभाग, आईक्यूएसी एवं एचडीएफसी बैंक के तत्वाधान में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम में एनआईआईटी गुड़गांव से अंशुमन मिश्रा और विकास पांडेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में भिलाई महिला महाविद्यालय की प्राचार्य प्रतिभा छाया क्लॉडियस ने अतिथियों का स्वागत कर छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के बाद प्लेसमेंट का महत्व है। यह उनके भविष्य और करियर का मार्ग खोलता है।

इसलिय छात्राओं को सिर्फ पढ़ाई पर ही नहीं बल्कि अन्य कौशल विकास पर ध्यान देना चाहिए। वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. भारती वर्मा ने कार्यक्रम के विषय में छात्राओं को अवगत कराया। एनआईआईटी गुड़गांव से आए ट्रेनर अंशुमन मिश्रा ने प्लेसमेंट में चयन प्रक्रिया की जानकारी छात्राओं को दी। साथ ही विकास पांडेय ने प्रश्नोत्तरी द्वारा छात्राओं को शॉर्टलिस्टेड किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की 63 छात्राओं ने पंजीयन कराया। जिसमें से 13 छात्राओं को शॉर्टलिस्टेड किया गया। कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ.एम.माधुरी देवी और आभार प्रदर्शन प्लेसमेंट सेल की प्रभारी और शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मोहना सुशांत पंडित ने किया।कार्यक्रम में आईक्यूएसी कॉर्डिनेटर डॉ.भावना पांडे, प्लेसमेंट सेल की सलमा मो.शफी, डॉ.रंजना साहू, डॉ.सरिता जोशी और महाविद्यालय की अन्य सहायक प्राध्यापिकाएँ डॉ.राजश्री शर्मा, डॉ.निधि मोनिका शर्मा, आशा साहू और वैशाली साहू ने प्लेसमेंट को लेकर कई गतिविधियों के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी दी।

## जीएसटी रिफॉर्म का लाभ नहीं मिलने से सीसीडीए ने वित्तमंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन (सीसीडीए) द्वारा जीएसटी 2.0 दर कटौती से अ-पंजीकृत छोटे व्यापारियों एवं दवा व्यापारियों को हो रहे घाटे पर चिंता जताई गई है।

इस संबंध में सीसीडीए के महामंत्री अविनाश अग्रवाल ने केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र प्रेषित कर उन्हें घाटे से राहत प्रदान करने की मांग की है। सीसीडीए की मांगो में जीएसटी में रजिस्टर्ड न होने वाले छोटे व्यापारियों व दवा व्यापारियों के नुकसान की भरपाई करने, विशेष राहत पैकेज या एकमुश्त मुआवज़ा योजना लागू करने एवं स्टॉक एडजस्टमेंट हेतु टैक्स-रिबेट/सब्सिडी जैसे व्यावहारिक उपाय किया जाना शामिल है। जिससे अपंजीकृत छोटे व्यापारियों एवं दवा व्यापारियों को आर्थिक राहत मिलेगी। अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन (सीसीडीए) तथा अन्य व्यापारी संगठन, आम जनता की तरह जीएसटी 2.0 एवं 22 सितम्बर 2025 से लागू कम दरों का स्वागत करते हैं। निश्चित रूप से इससे उपभोक्ताओं को तत्काल राहत मिलेगी, लेकिन इस निर्णय के परिणामस्वरूप एक बड़ा वर्ग पूरी तरह से जीएसटी 2.0 के लाभ से वंचित हो रहा है। इन वर्गों में वे छोटे व्यापारी शामिल हैं, जो जीएसटी में रजिस्टर्ड नहीं हैं। विशेष रूप से छोटे दवा व्यापारी, जिन्होंने दवाइयाँ पहले ही ऊँची जीएसटी दर पर खरीद रखी थीं, चूँकि वे रजिस्टर्ड नहीं हैं, इसलिए उन्हें इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ नहीं मिल सकता है। अब जब दर घट गई है, उन्हें वही माल सस्ती दर पर बेचना पड़ रहा है।

# जो समाज अपने पितरों को भूल जाता है, समय उन्हें भुला देता है : बघेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सतनामी आश्रम सिविल लाइन में भूपेश विचार मंच छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ी महापुरुषों की स्मृति में पितर नेवता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

- सतनामी आश्रम में पितर नेवता में पहुंचे पूर्व सीएम

संत शिरोमणि गुरु घासीदास के तैलचित्र एवं जैतखाम की पूजा-अर्चना से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके बाद विधिवत तर्पण, अर्पण एवं समर्पण पूजन किया गया। मंच के अध्यक्ष संजय देशमुख, महासचिव रायसिंह ढिकोला एवं संयोजक मोहन हरमुख ने अतिथि संस्कार कर सभी का स्वागत किया। पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, पूर्व विधायक अरुण वोरा, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र साहू, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, प्रेमलता साहू, राजेन्द्र हरमुख, कौशल वर्मा एवं टिकेश्वरी देशमुख सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने महापुरुषों की स्मृति में अपने विचार व्यक्त किए और इस आयोजन की सराहना की। भूपेश बघेल ने आत्मानंद, खूबचंद बघेल, चंदूलाल चंद्राकर, बिसम्मर यादव मरहा, दाऊ मंथरा तथा दाऊ रामचंद साहू जैसे महान विभूतियों का स्मरण करते हुए कहा कि जो समाज अपने पितरों और महापुरुषों को भूल जाता है, वह अपना अस्तित्व खो देता है। हमारे पूर्वज समाज और देश को राह दिखाने, उदाहरण प्रस्तुत करने और चुनौतियों से आगाह करने के लिए आते हैं। अध्यक्षता मंच प्रमुख संजय देशमुख ने की। संचालन मंच के महासचिव रायसिंह ढिकोला ने किया।

# सरकारी विद्यालय समरसता की सबसे बड़ी प्रयोगशाला है : मंत्री गजेंद्र यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



केंद्रीय विद्यालय प्रगतिशील शिक्षक संघ रायपुर संभाग का वार्षिक अधिवेशन रविवार को दुर्ग में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में संघ का त्रिवार्षिक चुनाव भी हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से शैलेंद्र गिरी तीसरी बार अध्यक्ष और डॉ. अजय आर्य महासचिव निर्वाचित हुए।

- शैलेंद्र गिरी तीसरी बार अध्यक्ष, डॉ. अजय आर्य महासचिव निर्वाचित

मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव और दुर्ग निगम सभापति श्याम शर्मा उपस्थित थे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षक समाज का निर्माता है और केवल नौकरी तक सीमित न रहकर सामाजिक दायित्व का भी निर्वाह करे। नई शिक्षा नीति में सहायक वाचन को प्रोत्साहित किया जाएगा और बाराखड़ी पढ़ने-लिखाने की जिम्मेदारी अब स्पष्ट रूप से तय होगी। केंद्रीय विद्यालय शहर के श्रेष्ठ विद्यालयों में गिने जाते हैं। सरकारी विद्यालय वास्तव में समरसता की प्रयोगशाला हैं, जहाँ अमीर-गरीब एक साथ पढ़ते हैं और संवेदनशीलता का विकास होता है। प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से वर्तमान पदाधिकारियों पर विश्वास जताते हुए एक बार फिर से उन्हें पदभार सौंपा। पुनर्निर्वाचित महासचिव डॉ. अजय आर्य ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं शिक्षकों की आवाज बनकर कार्य करता रहूँगा और उनके अधिकारों व सम्मान के लिए पूरी निष्ठा से सक्रिय रहूँगा। इस अवसर पर मनीष साहू, कमल देवांगन, प्रमोद पाटिल, संजय अग्रवाल, आर पी सेहमी, महिला प्रतिनिधि राहत तसनीम, रेशु काकरान, मनोज भारद्वाज, शैलेंद्र गिरी, किशोर कुमार मनवानी, नील माधव, एसके वर्मा, कौस्तुभ नायक, सतीश धीवर, आशुतोष सिंह, विकास यादव, राजेश चंद्राकर, दिनेश पटले, जीपी पांडे, ए मन्ना डे, सुरेश कुमार, अरविंद श्रीवास, गणेशराम कावड़े, दिनेश ठाकुर सहित अनेक शिक्षक प्रतिनिधि अधिवेशन में उपस्थित रहे।

# ग्रामीण विधायक चंद्राकर ने व्यापारियों को गुलाब भेंट कर स्वागत किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने जीएसटी में सुधार के लागू होने पर दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत उतई मार्केट और दुर्ग इंदिरा मार्केट के दुकानों तक पदयात्रा कर संचालकों को गुलाब फूल भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान व्यापारियों पर जीएसटी का बोझ कम होने की बधाई देते हुए विधायक ने कहा कि इससे उपभोक्ताओं को वस्तुएं और सेवाएं पहले से अधिक किफायती दरों पर उपलब्ध होंगी। उतई मार्केट बर्तन दुकान में दुकानदार को गुलाब फूल भेंट करते हुए व्यवसायियों से कहा कि ऐतिहासिक जीएसटी सुधारों ने देश की कर (टैक्स) व्यवस्था को सरल और जनहितैषी बनाया है। राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को भी इससे नई मजबूती और गति मिलेगी जो विकसित भारत के निर्माण की दिशा में एक मजबूत कदम है। सभी व्यवसायियों को पुष्प भेंट कर चंद्राकर ने जीएसटी के फायदों को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने की अपील की।

दुकानदारों से स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और उनके बोर्ड लगाने के लिए प्रेरित किया गया। विधायक ललित चंद्राकर ने जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक,उतई नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू, उतई भाजपा मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, महामंत्री चंदू देवांगन आदि से मुलाकात की।

### अंडा में निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जयंती दिवस 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के मार्गदर्शन एवं अण्डा - निकुम मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख के नेतृत्व में अंडा के उप स्वास्थ्य केंद्र में रुंगटा डेंटल कॉलेज भिलाई के सौजन्य से निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक शिव चंद्राकर, कार्यक्रम प्रभारी संतोष सोनी व अनूप गटागट, सेवा पखवाड़ा जिला संयोजक शिवेंद्र परिहार, आर्थिक प्रकोष्ठ सह संयोजक जवाहर जैन, मण्डल महामंत्री पुरान देशमुख, सेवा पखवाड़ा मंडल टोली प्रमुख पुकेश चंद्राकर, भैया लाल साहू, मुकेश बेलचंदन, सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर, उपाध्यक्ष पवन देवांगन, अजय यादव सहित अन्य विशेष रूप से मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### साहू समाज के पदाधिकारियों का चयन

**सड़क अतरिया।** चकनार में गत दिनों साहू समाज की आमसभा का आयोजन किया गया। सर्वसम्मति से नए पदाधिकारियों का चयन कर पदभार सौंपा गया। कार्यकारिणी में सरजू साहू को अध्यक्ष बनाया गया है। भैरव साहू को सचिव की जिम्मेदारी सौंपा गया। इसी प्रकार उपाध्यक्ष ईश्वर साहू, कोषाध्यक्ष धनकुमार साहू, संगठन सचिव टीकाराम साहू, महिला सदस्य सुमित्रा साहू, गौतरिन बाई को बनाया गया है।

### संगठन कर रहा वाहन चालकों को जागरूक

**सड़क अतरिया।** छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन केसीजी द्वारा सोमवार को सड़क अतरिया घिरघोली के मध्य कुकुरमुडा चौक में शिविर लगाकर वाहन चालकों को यातायात नियम का पालन करने जागरूक किया गया। संघ के जिला अध्यक्ष भागीराम साहू ने बताया कि संघ के सदस्यों के साथ जिले में लगातार शिविर लगाकर वाहन चालकों को जागरूक किया जा रहा है। बड़े वाहन के चालकों को वर्दी पहनने, नशा से दूर रहने, लाइसेंस अपडेट रखने, यातायात नियम का से पालन करने के फायदा एवं नुकसान बताया जा रहा है। वहीं दो पहिया वाहन चालको को हेलमेट का उपयोग करने कहा गया। वाहन चालक एवं ग्रामीण संघ के इस अभियान की खुब सरहाना कर रहे हैं। ड्राइवर संघ एक तरफ वाहन चालकों को यातायात नियम का भलीभांति पालन करने जागरूक कर रहें हैं। वही दूसरी ओर प्रदेश संगठन के आव्हान पर सरकार से अपनी मांग पूरा करने की अपील कर रहें। मांग पुरी नहीं होने पर 24 अक्टूबर को स्टेरिंग छोड़ो आंदोलन करने का ऐलान किया है। संघ की प्रमुख मांगों में पूर्ण शराब बंदी, ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड का गठन, सुरक्षा कानून हेतु आयोग का गठन, दुर्घटना में चालक की विकलांगता पर दस तथा मृत्यु पर परिवार को 20 लाख की सहायता, ड्राइवर दिवस की घोषणा, पेंशन आदि मांगे शामिल है।

### ठाकुरटोला में पौधारोपण

**एलबी नगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के अवसर पर मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत ठाकुरटोला में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति प्रशांत कोड़ापे, सुरेश वर्मा, वर्षा गेड़ाम, अशोक वर्मा, सरपंच रामप्रसाद वर्मा,ललिताबाई सेन, जैन बाई आदि मौजूद थे।

### 12 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**सड़क अतरिया।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 3 मृतकों के निकटतम वारिसान के लिए 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृति दी है। इसमें तहसील गण्डई के ग्राम दौजरी निवासी राजबाई व तहसील साल्हेवारा के ग्राम चोभर निवासी अंगदराम की मृत्यु आकाशीय बिजली गिरने से होने पर मृतक राजबाई के निकटतम वारिसान तुलाराम ग्राम दौजरी तथा अंगदराम के निकटतम वारिसान आनंदकुवर ग्राम चोभर को आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई।

## पेज 11 का शेष

### आपदा प्रबंधन से निपटने ...

सुरक्षित रेस्क्यू का प्रदर्शन करेंगे। नावों और रस्सियों की मदद से बचाव कार्यों का अभ्यास कराया जाएगा। इस मॉक एक्सरसाइज में जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका, आपदा प्रबंधन दल, होमगार्ड और स्वयंसेवी संगठन शामिल होंगे। सभी विभागों को उनकी जिम्मेदारियों के अनुरूप कार्य करने का अवसर मिलेगा। इस दौरान विभागों के बीच समन्वय और तत्परता की भी जांच की जाएगी। अभ्यास का मकसद यह है कि वास्तविक आपदा की स्थिति में घबराहट या अव्यवस्था न फैले। अधिकारी, कर्मचारी और बचाव दलों को पहले से प्रशिक्षण देकर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि राहत और बचाव कार्य तुरंत शुरू हो सकें। साथ ही, स्थानीय नागरिकों को भी जागरूक किया जाएगा कि आपदा की घड़ी में उन्हें कैसे सहयोग करना चाहिए।

### विधायक साहू 12 वीं की स्टेट स्टॉप वैशाली को लैपटॉप देने की घोषणा

# सेजस स्कूल में हुई इन्वेस्टर्स सेरेमनी 23 बालिकाओं को किया साइकिल वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला



पीएम श्री स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल, बेरला में इनवेस्टर्स सेरेमनी एवं साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक दीपेश साहू सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि योगेश तिवारी ने की ।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत 23 बालिकाओं को साइकिल वितरण किया गया। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने कहा बेरला का यह विद्यालय आज शिक्षा की गुणवत्ता और गतिविधियों के स्तर पर एक नई पहचान बना रहा है। यहाँ के बच्चे न केवल पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं बल्कि सांस्कृतिक, खेलकूद और सामाजिक गतिविधियों में भी अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं। मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना से बालिकाएँ शिक्षा की मुख्यधारा से और मजबूती से जुड़ रही हैं। विधायक दीपेश साहू ने कहा की यह योजना बेटियों को स्कूल आने जाने मे सुविधा प्रदान कर उनकी शिक्षा को सुलभ बनाने और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने के उद्देस्य से की गई 1 इस योजना की सराहना करते हुए विधायक साहू ने कहा की कहा कि यह कदम ग्रामीण क्षेत्रों में बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा। साइकिल वितरण से छात्राओं को स्कूल पहुंचने में होने वाली कठिनाइयों में कमी आएगी और उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित होगी।कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्राओं द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों ने पूरे वातावरण को देशप्रेम और ऊर्जा से भर दिया। विधायक श्री साहू ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि—हमारे नौनिहालों की ऐसी सांस्कृतिक गतिविधियाँ उनकी छिपी प्रतिभा को निखारती हैं और एक उज्ज्वल एवं सशक्त भविष्य की दिशा में उन्हें आगे बढ़ाती हैं। विधायक साहू ने विद्यालय की प्राचार्य अर्चना साव की मांग पर स्कूल परिसर मे हाई मास्क लाइट, साईकील स्टैंड, सांस्कृतिक कार्यक्रम देने वाले छात्राओं को 30 हजार रूपये की जनसम्पर्क की राशि एवं स्कूल की छात्रा वैशाली साहू जिन्होंने इसी वर्ष 12 वीं बोर्ड परीक्षा मे प्रदेश मे तृतीय स्थान्न हासिल कर जिले सहित पुरे प्रदेश का नाम रौशन किया था उनको एक लैपटॉप देने की घोषणा की । कार्यक्रम मे योगेश तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम नगर पंचायत बेरला अध्यक्ष विशाल देशलहरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष डोमेन्द्र राजपूत , शिवझड़ी सिन्हा, यतीश द्विवेदी , उमा नेताम भुनेश्वरी टंडन,मथुरा साहू, यशवंत साहू कन्हैया सेन किशुन साहू चितरेन साहू राजा यादव डामन साहू थलेन्द्र साहू प्राचार्य अर्चना साव विजेश अग्रवाल मनोज शर्मा यागवेंद्र डिक्सेना किरण साहू सहित शिक्षक शिक्षिका छात्र छात्राएं पालक उपस्थित रहे ।

# संडी स्कूल में मनाया रजत जयंती महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

बेरला ब्लॉक के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला सण्डी में रजत जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। शिक्षक लोकेश साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष के पूर्ण होने पर रजत जयंती का पर्व मनाया जा रहा है।

- पुस्तक वाचन, क्विज और प्रदर्शनी से बच्चों में रचनात्मकता का विकास

शिक्षक ओमनारायण साहू बताया कि शाला में अलग-अलग बिंदु पर विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की गई। जैसे प्रथम दिवस पुस्तक वाचन, द्वितीय दिवस स्पीड रीडिंग, दीवार पत्रिका, तृतीय दिवस 25 वर्षों में शाला विकास की प्रदर्शनी, चतुर्थ दिवस एलुमनी बैठक, पंचम दिवस क्विज प्रतियोगिता, षष्ठम दिवस अपने आसपास की ऐतिहासिक स्थलों के बारे में इतिहास लेखन, सप्तम दिवस स्कूलों में विगत वर्षों में आये रचनात्मक बदलाव, मेरे सपनों का स्कूल पर भाषण प्रतियोगिता, शिक्षक दिवस, इसके अतिरिक्त कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग शिक्षण कार्य मे कैसे करें। शिक्षक साहू ने कहा कि इस प्रकार के उत्सव करने से बच्चों में रचनात्मक गुणों का विकास होता है। प्रतिस्पर्धा भावना विकसित होती है। रजत जयंती उत्सव का आयोजन में मुख्य रूप से संस्था प्रमुख मनीषा देवांगन, शिक्षक लोकेश साहू, ओमनारायण साहू, प्राथमिक प्रधान पाठक वीरेंद्र कुमार सिन्हा, नीलेश वर्मा, राधेश्याम ईसदा, रामस्वरूप साहू एवं बड़ी संख्या में शाला के बच्चों की सहभागिता रही।

### स्कूल परिवार ने शॉल-श्रीफल भेंट कर किया सम्मान

# संकुल केंद्र बेलतरा में सेवानिवृत्त और स्थानांतरित शिक्षकों को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा



संकुल केंद्र बेलतरा विकासखंड - साजा की ओर से सेवानिवृत्त, पदोन्नत और स्थानांतरित हुए शिक्षकों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

- अतिथियों ने सेवा के दौरान की गिनाई उपलब्धि

सेवानिवृत्त शिक्षक तारन दास भारती, पदोन्नत शिक्षक संतोष कुमार साहू, हेमलता कोमा, गोवर्धन साहू और स्थानांतरित सहायक शिक्षक एन कुमार ठाकुर का छात्रों और शिक्षकों ने सम्मान किया।

संकुल प्रभारी राकेश मिश्रा ने विदा हो रहे सभी शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि वे सभी योग्य शिक्षक थे। उन्होंने सेवानिवृत्त हो रहे तारन दास भारती को अग्रज बताते हुए कहा कि उन्होंने संकुल को सही मार्गदर्शन दिया। उन्होंने सभी शिक्षकों को उनके नए कार्यस्थल के लिए कुशल-मंगल रहने की शुभकामनाएं दीं। श्री मिश्रा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रधान पाठक धनेश रजक और मनोज वर्मा को विशेष धन्यवाद दिया।

#### भावुक हुए सेवानिवृत्त शिक्षक

सेवानिवृत्त शिक्षक तारन दास भारती अपने शिक्षण जीवन को याद करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने शुरुआती दौर में साइकिल से स्कूल आने और कम वेतन में सेवा देने के अनुभव साझा किए। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने का आशीर्वाद दिया, ताकि उन्हें जीवन में गरीबी न देखनी पड़े। अन्य विदा ले रहे शिक्षक गोवर्धन साहू, संतोष कुमार साहू, हेमलता कोमा और एन कुमार ठाकुर ने भी बच्चों और स्टाफ के साथ बिताए पलों को याद किया, बच्चों को आशीर्वाद दिया और विदाई समारोह के आयोजन के लिए संकुल को धन्यवाद दिया। व्याख्याता मोहित साहू ने तारन दास भारती के लिए अभिनंदन पत्र पढ़ा, जबकि व्याख्याता बलराम ठाकुर ने विदाई गीत प्रस्तुत किया।

#### सफल सेवा को किया याद

मंच संचालन कर रहे प्रधान पाठक धनेश रजक ने विदा हो रहे शिक्षकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके पढ़ाए हुए बच्चे आज अच्छे इंसान, किसान, जवान और शासकीय सेवक के रूप में देश और छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा कर रहे हैं।

उन्होंने सभी के स्वस्थ रहने, मस्त रहने और नए विद्यालयों में मन लगाकर बच्चों का सर्वांगीण विकास करने की कामना की। सभी विदा ले रहे शिक्षकों को श्री फल, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर विदा किया गया। इस दौरान संकुल के कई अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पंडालों में विराजमान हुई मां दुर्गा की प्रतिमा

### पंडालों में रंग-बिरंगे सजावट और भक्तों का उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला



अंचल सहित परिक्षेत्र में कुंवार शारदीय नवरात्रि में आकर्षक पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा विराजमान की गई। इस शारदीय नवरात्रि में गांव व शहर में सभी चौंक-चौराहे माता रानी की भक्ति की गूंज उठी है। वही मंदिरों व पंडालों में मां दुर्गा की नवस्वरूप विराजमान हुई है। जिन्हें देखने अंचल के श्रद्धालु बड़ी संख्या में आ रहे है। नवरात्रि के पहले दिन से ही देवी मंदिरों में मां दुर्गा की विधि विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। वहीं सूर्यास्त के बाद श्रद्धालु इन पंडालों में पहुंचकर मां दुर्गा की प्रतिमा के सामने हाथ जोड़कर अपनी मनोकामना मांग रहे है। शाम होने के बाद सेवक माता के दरबार में गाजे बाजे, ढोलक, झांझ, मंजीरा सहित वाद्य यंत्रों के साथ सेवा गीत से माता रानी की जयकारों से सुशोभित की जा रही है।

पंडाल के समीप रंग-बिरंगे लाइट की सजावट ने लोगों को आकर्षित कर रहे शारदीय नवरात्र के इस पावन अवसर पर मां दुर्गा की स्थापना भव्य आकर्षक पंडालों में किया गया है। साथ ही चौंक-चौराहों को रंग बिरंगे लाइटों से सजाया गया। जिससे सभी जगह प्रकाशमय होने से लोगो के मन को लाभान्वित कर रहे है। इस रंग बिरंगे सजे लाइट व पंडाल की सजावट से माता की दरबार की ओर आकर्षित हो रहे है। गौरतलब है कि ब्लॉक बेरला अंचल सहित ग्राम सिंघौरी, परपोड़ा, बोरसी, बारगांव, खुडमुडा, कोदवा, सलधा, पाहंदा, सरदा, आन्दू, खिसोरा, लेंजवारा, सोंढ, मनियारी आदि गांव में शारदीय नवरात्रि पर मां दुर्गा की जयकारे चारों ओर गूंज रही है। वही ग्राम मनियारी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य आकर्षक पंडालों में मां दुर्गा व अम्बे की प्रतिमा स्थापित किया है। माता की प्रतिमा अलग अलग आकर्षक स्वरूप लोगों के मन को लुभा रहे है। समिति गौरा गौरी महादेव चौंक अम्बे, बजरंग चौंक दुर्गा उत्सव समिति, महामाया चौंक दुर्गा समिति मनियारी में माता रानी की प्रतिमा स्थापित किया गया है। साथ ही महामाया में ज्योंत जंवारा प्रज्ज्वलित किया गया है।

# दिशा दर्शन भ्रमण कार्यक्रम : महिला समूहों को भेजा गया डिंडोरी-अमरकंटक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिले की महिला स्व-सहायता समूहों की अध्यक्ष एवं सदस्यों को दिशा दर्शन भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत मध्यप्रदेश के डिंडोरी जिला मुख्यालय करंजिया और अमरकंटक भेजा गया था। बताया जा रहा है कि इस भ्रमण का उद्देश्य महिलाओं को अन्य जिलों के उत्कृष्ट महिला स्व-सहायता समूहों के उत्पादों और उनके सफल व्यवसायिक कार्यों से अवगत कराना है। वहां के अनुभवों से प्रेरणा लेकर महिलाएं अपने समूहों और व्यवसायों में गुणवत्ता सुधार कर सकेंगी तथा आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होंगी। बेरला, साजा, खंडसरा, नवागढ़ और नंदघाट परियोजनाओं से पर्यवेक्षक अनुराधा टंडन, निर्मला साहू, मीला बंजारे, आरती बंजारे और कु. उषा सिंह को महिला समूहों की देखरेख में भेजा गया था।

- उत्कृष्ट कार्यों से सीख लेकर अपने व्यवसाय में ला सकेंगी गुणवत्ता

### शिक्षा अधिकारी ने किया निरीक्षण

**सड़क अतरिया।** प्राथमिक शाला चकनार में मंगलवार को एबीईओ गिरेन्द्र सुधाकर, संकुल समन्वयक श्री भारती ने औचक निरीक्षण किया।इस दौरान अधिकारियों ने शैक्षणिक गतिविधियों, शिक्षण पद्धति, बच्चों की प्रगति का विस्तृत अवलोकन किया। अधिकारियों ने सभी कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से विभिन्न विषयों के अध्ययन का आंकलन और उनकी पढ़ाई की गुणवत्ता का जायजा किया। शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने, कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने और अनुशासन व स्वच्छता बनाए रखने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। इसके पश्चात निरीक्षण में उपस्थिति रजिस्टर, मिड-डे मील, शिक्षण सामग्री और विद्यालय की समग्र व्यवस्था की भी समीक्षा किया।

### मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना और पूजा अर्चना...





**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय के मोहभट्ठा वॉर्ड नंबर 06 में श्री श्री मां शक्ति दुर्गोत्सव द्वारा बीते कई वर्षों से प्रतिमा स्थापना कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर रहे हैं । इस दौरान समिति के सदस्य मुकुट वर्मा, रितेश यादव, साकल , यादव, मुकेश वर्मा, तरुण सेन, अनिल वर्मा, सोमेश वर्मा, गोविंद वर्मा, दीनू वर्मा, दुष्यंत वर्मा, देवेंद्र वर्मा सक्रिय भागीदारी पूरे नवरात्र तक देते हैं।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा, जिले के पर्यटन स्थलों में चलाया गया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खैरागढ़

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत रविवार को सुबह से जिले के पर्यटन स्थलों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। पर्यटन प्रबंधन समिति सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि, कर्मचारियो व स्वच्छाग्रही समूह के सदस्यों ने विभिन्न पर्यटन स्थलों में जनसहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया। लोगों ने मिलकर श्रमदान कर कचरा इकत्रित किया और सही से निपटान किया। साथ ही भविष्य में ख़ुद गंदगी नहीं करने और अन्य लोगों को गंदगी न करने देने का स्वच्छता शपथ लिया। बाहर से आने वाले पर्यटकों से सफाई बनाए रखने की अपील की गई। मां भवानी मंदिर करेला, नथेला मंदिर बाजार अतरिया, शिव मंदिर शेरगढ़, डोंगेश्वर महादेव जंगलपुर, विंध्यवासिनी मंदिर में स्वच्छता अभियान के दौरान स्थल के विकास पर भी चर्चा की गई। भविष्य में पर्यटन स्थलों में सुविधा विकसित करने के साथ-साथ स्थानीय महिला स्व-सहायता समूह को सफाई, सुरक्षा, पार्किंग और मूलभूत सुविधा की जिम्मेदारी देने पर विचार किया गया। गौरतलब है कि जिले में अनेक ऐतिहासिक, प्राकृतिक और धार्मिक पर्यटन स्थल स्थित हैं जिनको विकसित कर स्थानीय लोगों को बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने जिला प्रशासन द्वारा कई पहल किया जा रहा हैं। हमर सुग्घर जिला थीम अनुरूप लोगों से जिला को सुग्घर बनाने जन सहयोग से हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

# तीन माह में नहीं पाटा सड़क का गड्ढा, दुर्घटना की आशंका

**सड़क अतरिया।** छुईखदान गंड़ई मुख्य मार्ग में नर्मदा चौक के समीप बना गहरा गड्ढा तीन माह बीते जाने के बाद भी नहीं पाटा जा सका है। जो दिनों दिन लम्बा चौड़ा होकर बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहा है। ज्ञात हो कि माह भर पहले विभाग को समस्या से अवगत कराने के बाद गिट्टी आदि से गड्ढा को पाटा गया था। जो सप्ताह भर में जस तस हो गया है। गड्ढा में भरा बरसाती पानी की वजह से वाहन चालक को सड़क पर गहरा गड्ढे का अंदाजा नहीं रहता है। और दूर्घटना का शिकार हो जाता हैं। मिली जानकारी अनुसार नर्मदा चौक से गंड़ई की ओर दीप वस्त्रालय के सामने का गड्ढा दिनों दिन गहरा होता जा रहा है। दो माह में इस स्थान पर दो दर्जन से अधिक मोटर सायकल चालक गिर कर घायल हो चुके हैं। कुछ को गंभीर चोट भी आ चुका है। गांव के बसंत सिन्हा, नंदू निषाद, इनायत बेग, इमरान ने बताया कि हर दिन एक दो वाहन चालक इस गड्ढा की वजह से गिर जाते है। खास कर रात में यहां घटना अधिक होती है।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


# धान फसल पर इस्फली माइट, माहू और रुकन सुंडी कीटों का हमला

## फसल बचाने महंगी दवाई का छिड़काव करने किसान मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

इस बार नवागढ़ के किसान एक बड़े संकट का सामना कर रहे हैं, जहां उनके खेतों में धान नहीं, बल्कि विनाशकारी कीटों का भव्य भोज चल रहा है। किसानों की मेहनत पर इस्फली माइट, माहू और रुकन सुंडी नामक कीटों की तिहरी सेना ने हमला बोल दिया है, जिससे फसल पर पूरी तरह कब्ज़ा होता दिख रहा है। कीटों के इस प्रकोप से धान की बालियों का रंग हरे से लाल हो रहा है। जो दाने बन भी रहे हैं, वे सिकुड़कर लाल पड़ रहे हैं। वहीं, धान की पत्तियाँ भूरे-पीले धब्बों से भर गई हैं। माहू कीट पत्तियों पर जमकर रस चूस रहे हैं, जिससे पौधे पीले पड़ रहे हैं और बालियां समय से पहले सूख रही हैं। किसान कृष्णा यादव ने कहा, हमने बोए थे धान, लेकिन कीटों ने अपने लिए





भव्य भोज का आयोजन कर लिया है। कृषि वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि यदि स्थिति नहीं सुधरी, तो फसल पूरी तरह से काला चेचक का शिकार हो सकती है। किसान रोशन धर दीवान ने बताया कि किसान कीटनाशकों पर निर्भर हैं, लेकिन दवाइयां इतनी महंगी हो गई हैं कि हर छिड़काव से किसान की जेब सूख जाती है। उन्होंने जीएसटी कम होने के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसका लाभ खेतों तक नहीं पहुंचा है। किसान अब हँसते हुए कह रहे हैं – धान से पहले जेब सूख रही है। इसके साथ ही, सोसायटी में पोटाश की कमी भी एक बड़ी समस्या है। पूर्व सोसायटी अध्यक्ष सुखसागर साहू ने आरोप लगाया कि पौधों को पोटाश नहीं मिल रहा, लेकिन अफसरों को लेटर में खूब मिल रहा है।

## खबर संक्षेप

### वनांचल में नवरात्र की धूम

**मानपुर।** सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में शारदीय नवरात्र के अवसर पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई। प्रतिमा स्थापना के बाद विधि विधान से पूजा-अर्चना की गई। पर्व को लेकर पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण देखने को मिल रहा है। दुर्गा पंडाल को विद्युत और फूलों से सजाया गया है। आयोजन समिति ने बताया कि नवरात्र के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें भजन-कीर्तन, जसगीत, आरती प्रतियोगिता, रामायण पाठ एवं बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल है। बच्चे और युवाओं ने गरबा और डांडिया नृत्य का आयोजन 27 एवं 28 सितंबर को रखा गया हे। दो दिवसीय जस झांकी प्रतियोगिता भी रखा गया है। **भंडारा का आयोजन एक को** – ग्रामवासियों ने बताया कि प्रतिदिन सुबह-शाम आरती होगी। श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी का आयोजन एक अक्टूबर को रखा गया है।विजयादशमी के दिन रावण पुतले का दहन इंद्रप्रस्थ स्टेडियम में किया जाएगा। लोक दर्शन सांस्कृतिक कार्यक्रम दो अक्टूबर को रात्रि 10 बजे से रखा गया है। इसी दिन दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन शोभायात्रा के साथ किया जाएगा। यह जानकारी उमाकांत टंडिया, सुरेश कोराम, यशवंत पटेल, वीरेन्द्र माहौर ने दी।

### मंदिरों ने जगमगा रहे ज्योतिकलश

**पटेवा।** पटेवा सहित अंचल में शारदीय नवरात्रि पर्व की धूम मची है। अनेक स्थानों पर माता रानी की मूर्ति स्थापित किया गया है साथ ही देवालयों में मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना किया गया है। पंडालों एवं देवालयों को विद्युत लाइटों से सजाया गया है। माता रानी की भक्तिमय गीतों से भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। शाम ढलते ही दर्शनार्थियों की भीड़ माता के दर्शन हेतु उमड़ रही है। पटेवा के बाजार चौक एवं मासूल रोड भाठापारा में मां दुर्गा, कर्मा मंदिर एवं धनकर चौक में मां सरस्वती, अमलीपारा में मां अम्बे, लीला चौरा चौक में मां काली, शीतला मंदिर में मां अम्बे की मूर्ति स्थापित किया गया है। जानकारी के अनुसार शीतला मंदिर में 137, दुर्गा मंदिर में 22, शंकर मंदिर में ज्योति कलश की स्थापना की गई है। बहादुर वर्मा, पुखराज साहू, राकेश कुमार साहू के घर पर जोत जंवारा रखा गया है। जानकारी के अनुसार बाज़ार चौक में 27 सितंबर को रंग बसंत रिकार्डिंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, मासूम रोड भाटापारा में 25 सितंबर को मन के गीत नंदनी नगर का छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम रखा गया है। शीतला दुर्गा उत्सव समिति द्वारा चुन्नी यात्रा का आयोजन पंचमी को किया गया है।

### डीईओ को अवगत कराया समस्याओं से

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने गत दिनों जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल से मुलाकात कर स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया। जिला अध्यक्ष वर्मा ने बताया कि विगत वर्ष सहायक शिक्षक एलबी से प्राथमिक शाला प्रधान पाठक की पदोन्नति के बाद भी जिले में सैकड़ों पद रिक्त हैं। वरिष्ठता सूची का प्रकाशन भी किया जा चुका है किन्तु पदाकंन नहीं हुआ है।

**पहल : सीएमएचओ की मौजूदगी में वृद्धाश्रमों में लगे शिविर**

# स्वस्थ नारी स्वस्थ परिवार अभियानः वृद्धा आश्रम में बने आयुष्मान, वय वंदना और आभा कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- 70 वर्ष और उससे अधिक वरिष्ठ नागरिकों के लिए वय वंदना कार्ड बनवाने की प्रक्रिया में जिले ने राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त किया



स्वस्थ नारी स्वस्थ परिवार अभियान के तहत जिले के वृद्धा आश्रमों में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं से जोड़ना और उन्हें स्वास्थ्य सुरक्षा के दायरे में लाना था। कार्यक्रम के दौरान वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों के लिए आयुष्मान कार्ड, वय वंदना कार्ड और आभा कार्ड बनाए गए। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. अमृतलाल रोहलेडर स्वयं उपस्थित रहे, साथ ही आयुष्मान जिला समन्वयक मनोज कुमार साहू और आयुष्मान मित्र सुदर्शन साहू ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

बता दें कि जिले में 70 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों का वय वंदना कार्ड बनवाने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है और अब तक 12,954 वरिष्ठ नागरिकों के कार्ड बन चुके हैं, जो कुल लक्षित संख्या का 92 प्रतिशत है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ बेमेतरा जिला राज्य में द्वितीय स्थान पर पहुंच गया है। इसी तरह जिले में 8.31 लाख यानी 87.3 प्रतिशत नागरिकों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराए जा चुके हैं और 7.7 लाख हितग्राहियों को आभा हेल्थ कार्ड बनाकर दिया गया है। ये आँकड़े दर्शाते हैं कि जिले में स्वास्थ्य सुरक्षा योजनाओं को लेकर प्रशासन ने प्राथमिकता के साथ कार्य किया है।आयुष्मान कार्ड से गरीब परिवारों को बड़ी राहत मिलती है।

इसके अंतर्गत बीपीएल परिवारों को पांच लाख रुपये तक और एपीएल परिवारों को पचास हजार रुपये तक का निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाता है। इसके अतिरिक्त वय वंदना कार्ड वरिष्ठ नागरिकों के लिए और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें 70 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के प्रत्येक व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से पाँच लाख रुपये तक के उपचार की अलग सुविधा प्रदान की जाती है।

वहीं आभा हेल्थ कार्ड नागरिकों की स्वास्थ्य पहचान को डिजिटल रूप में सुरक्षित रखता है जिससे अस्पतालों में उपचार की प्रक्रिया और भी आसान और त्वरित हो जाती है। इस अवसर पर कलेक्टर श्री शर्मा ने जिले के सभी पात्र नागरिकों से अपील की कि वे समय पर अपना कार्ड बनवाकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएँ। उन्होंने विशेष रूप से 70 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले वरिष्ठ नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपने आधार कार्ड के साथ नजदीकी शासकीय अस्पताल या च्वाइस सेंटर जाकर निःशुल्क वय वंदना कार्ड बनवाएँ। इसी तरह 70 वर्ष से कम आयु वर्ग के पात्र हितग्राही भी शीघ्रता से अपना आयुष्मान कार्ड बनवाएँ ताकि आकस्मिक बीमारियों की स्थिति में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी या आर्थिक संकट का सामना न करना पड़े।

जिले में चलाए जा रहे इस अभियान से ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों के नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ मिलेगा। यह पहल न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को आसान बनाएगी बल्कि आम जनता को निःशुल्क उपचार का भरोसा भी दिलाएगी। प्रशासन का मानना है कि जब हर व्यक्ति को समय पर उपचार मिलेगा तो उसका सीधा असर परिवार और समाज की समग्र खुशहाली पर पड़ेगा। यही कारण है कि "स्वस्थ नारी स्वस्थ परिवार" जैसे अभियान को जिले में विशेष महत्व दिया जा रहा है और इसे जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान : कारेसरा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत बेमेतरा जिले की ग्राम पंचायत कारेसरा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आसपास की ग्राम पंचायतों से बड़ी संख्या में स्वच्छता समूह की महिलाएं शामिल हुईं और उन्होंने स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाया शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा रक्तचाप, शुगर, हीमोग्लोबिन जांच सहित सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए।

डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों ने महिलाओं को संतुलित आहार, स्वच्छता और नियमित जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर राज्य स्वच्छ भारत मिशन की सलाहकार अभिलाषा आनंद रघुवंशी उपस्थित रहीं। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत चल रही गतिविधियों और सेवा कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर सामूहिक प्रयासों से ही गांव को कूड़ा-करकट मुक्त और स्वच्छ वातावरण वाला बनाया जा सकता है। इस दौरान उपस्थित जनों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में आसपास की ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, गणमान्य नागरिक, जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के समन्वयक एवं सलाहकार सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही। सभी ने मिलकर गांव में स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प लिया। शिविर में विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि गंदगी और खुले में कचरा फैलने से कई संक्रामक बीमारियां फैलती हैं। यदि गांव साफ-सुथरा रहेगा तो ग्रामीणों का स्वास्थ्य भी बेहतर होगा और इलाज पर खर्च कम होगा। इसलिए हर नागरिक को व्यक्तिगत और सामूहिक स्तर पर स्वच्छता के प्रयासों में सहयोग करना चाहिए।

# शीतला मंदिर समिति ने स्थापित की मां दुर्गा की प्रतिमा



**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय के सिंघौरी वार्ड क्रमांक 13 में स्थित मां शीतला मंदिर दुर्गा उत्सव समिति द्वारा शारदीय नवरात्र पर्व पर माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापना का कार्य बड़े ही विधि-विधान और भक्तिमय माहौल में सम्पन्न हुआ। इस वर्ष समिति ने 40वां ऐतिहासिक वर्ष मनाते हुए भव्य आयोजन किया। मां दुर्गा की प्रतिमा का पूजन-अर्चन श्रद्धालुओं द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। पूजा स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और पूरे वार्ड का वातावरण जय माता दी" के जयघोष से गूंज उठा।

समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों में प्रमुख रूप से दीना साहू, फत्ते देवांगन, गणेश साहू, जकला देवांगन, युगल देवांगन, नंदलाल वर्मा, प्रेम साहू, योगेश देवांगन, भागबली देवांगन, महेत्तर वर्मा, भुवनेश्वर देवांगन, त्रिलोक देवांगन, हेमसिंह वर्मा, फागुराम देवांगन, प्रभु साहू, पंडा पंडित राजेश तिवारी, राहुल साहू, छोटे साहू, रोशन साहू, हेमंत वर्मा, कोमल देवांगन, कौशल साहू, भीम देवांगन और गोल्डी देवांगन की सक्रिय भूमिका है। इस दौरान नवरात्र के नौ दिनों तक यहां धार्मिक अनुष्ठान, भजन संध्या कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। समिति का कहना है कि यह आयोजन सिर्फ धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का भी प्रतीक है। स्थानीय लोगों का कहना है कि 40 वर्षों से निरंतर हो रहा यह आयोजन सिंघौरी वार्ड की पहचान बन चुका है और हर वर्ष यहाँ सैकड़ो श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापना के साथ सिंघौरी वार्ड भक्तिमय रंग में रंग चुका है और नगरवासियों में नवरात्र पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

# स्वास्थ्य शिविर कई में लोगों ने कराया उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत नगर में निशुल्क शिक्षा एवं कैरियर मार्गदर्शन हेतु संचालित श्री राम एकेडमी में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एकेडमी प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता की शपथ दिलवाकर की गई जिसमें सभी ने अपने घर, विद्यालय और समाज को स्वच्छ बनाए रखने तथा दूसरों को इसके लिए प्रेरित करने का



संकल्प लिया। इस दौरान ललिता साहू, युगल देवांगन, निशा चौबे, डॉ. नेहा वर्मा, नीतू कोठारी, सावित्री रजक, ओमेश्वरी साहू, प्रमिला साहू, नेमा, ममता साहू आदि उपस्थित थे।

स्वच्छता केवल कार्य नहीं बल्कि हमारे जीवन शैली का हिस्सा होना चाहिए-सिन्हा कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के दौरान स्वास्थ्य, स्वच्छता और कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित अनेक गतिविधियां संचालित की जारी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि हमारे जीवन शैली का हिस्सा होना चाहिए। प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान के तहत हम सभी का कर्तव्य है कि हम अपने घर विद्यालय और समाज को स्वच्छ रखने में निरंतर योगदान दे।

**छात्र-छात्राओं का किया गया निःशुल्क जांच परीक्षण:** कार्यक्रम के दौरान एकेडमी में अध्यनरत छात्र-छात्राओं का निशुल्क जांच परीक्षण किया गया। यहां छात्रों का ईसीजी, लंग्स के टेस्ट के साथ-साथ सभी प्रकार के टेस्ट निःशुल्क किया गया। तथा परामर्श के साथ-साथ दवाइयां भी निशुल्क दी गई। स्वास्थ्य शिविर के दौरान जो गंभीर बीमारी के मरीज मिले उन्हें रेगुलर ट्रीटमेंट के लिए कहा गया।

### दुर्गा प्रतिमा स्थापित

**मुरमुंदा।** ग्राम की सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति ने बाजार चौक में दुर्गा प्रतिमा स्थापित किया गया है। यहां बीते 30 सालों से मूर्ति स्थापना किया जा रहा है। ग्राम में 30 ज्योति कलश भी स्थापित किया गया है। ग्राम में आगामी 30 सितंबर को वीणा वंदनी जस झाकी परिवार मुंदगाव का कार्यक्रम रखा गया है।

# जू-जित्सु स्पर्धा में कस्तूरबा के छात्रों ने जीते 10 मेडल



**साजा।** स्थानीय कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने हाल ही में आयोजित जिला स्तरीय जू-जित्सु प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 पदक जीतकर साजा शहर का नाम रोशन किया है। रविवार को आयोजित इस एक दिवसीय प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। पदक विजेताओं में स्वर्ण पदक - गीतांजलि जंधेल, सुनैना कौशल, हेमलता निषाद, तोषी सिन्हा, विशाखा धुर्वे, अदिति छैदैहा। रजत पदक टोमेश्वरी साहू और मेघा सिन्हा । कांस्य पदक माहेश्वरी पटेल, धारनी सिन्हा ने जीता। कुल मिलाकर छात्राओं ने 6 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक अपने नाम किए। छात्राओं की इस बड़ी सफलता पर उनके कोच विभोर मानिकपुरी, शाला अधीक्षिका और सभी शिक्षकों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी। ये प्रतिभाशाली खिलाड़ी अब आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी, जहां वे जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।







# न्यू गुरुकुल स्कूल के बच्चों ने कराते में जीते गोल्ड मेडल



**नवागढ़।** जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में न्यू गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल, नवागढ़ के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। बच्चों ने कुल 7 स्वर्ण, 7 रजत एवं 5 कांस्य पदक अपने नाम किए।

प्रतियोगिता में एडिना, सोनाक्षी, हिमांशी, गौरव, कोमल, निखिल और हनी ने स्वर्ण पदक, स्वाति, शताक्षी, सुदीक्षा, जाह्नवी, कामना, चंचल और शौर्य ने रजत पदक तथा निकिता, आर्यन, अक्षय, जय और कृष ने कांस्य पदक जीतकर सफलता अर्जित की। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में हर्ष का माहौल है। प्राचार्य मनिंदर कौर खुराना ने सभी विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और प्रशिक्षित शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।







